तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.03.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट उपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट ने आज भी रेस्पोडेन्ट संख्या 2 से 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किए। अधिवक्ता अपीलांट ने प्रकरण में दिनांक 17.10.2023 के पश्चात् रेस्पोडेन्ट संख्या 2 से 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किए हैं जबकि इस हेतु अधिवक्ता अपीलांट को कई बार निर्देशित किया जा चुका है। अधिवक्ता अपीलांट ने प्रकरण में लगभग 02 वर्ष 05 माह की लम्बी अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक रेस्पोडेन्ट संख्या 2 से 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है जबकि अधिवक्ता अपीलांट को पेशी दिनांक 30.04.2025 को इस बाबत् अंतिम हिदायत भी दी जा चुकी है तथा पेशी दिनांक 06.08.2025 पर अतिरिक्त अवसर भी दिया गया। अधिवक्ता अपीलांट को पेशी दिनांक 30.04.2025 पर अन्तिम अवसर एवं उसके पश्चात् कई अतिरिक्त अवसर देने के बावजूद भी नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर पेशी दिनांक 11.02.2026 को न्यायहित में अंतिम अवसर देने के बावजूद भी एक अतिरिक्त अवसर और देते हुए निर्देशित किया गया था कि आगामी पेशी पर नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर कोई अवसर देय नहीं होकर प्रकरण खारिज कर दिया जावेगा उसके पश्चात् भी अधिवक्ता अपीलांट ने रेस्पोडेन्ट संख्या 2 से 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है अर्थात् अधिवक्ता अपीलांट अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	